न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO),मावली जिला उदयपुर

पीठासीन अधिकारी : रमेश सीरवी पुनाडिया, R.A.S.

राजस्व वाद संख्या : 134/09 (वाद)

GCMS No. : 2009/00203

अनवान

1. श्री मोती पिता वक्ता डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
2. श्री केशुलाल पिता जेता डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
3. श्री मेघराज पिता जेता डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
4. श्री गणेश पिता जेता डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
5. श्रीमती मोहनी पत्नी जेता डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
6. श्री डालु पिता कालु डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
7. श्री नन्दराम पिता कालु डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।
8. श्री मनोहरलाल पिता कालु डांगी निवासी मांगथला तह. मावली।

............वादीगण

बनाम्

1. श्री भूरा पिता रूपा डांगी के बजाय :—

1/1 श्री भेरा पिता भूरा डांगी निवासी गन्दोली तह. मावली।

1/2 श्रीमती सकुडीबाई पिता भूरा पत्नी देवा डांगी निवासी मांगथला रेतडा तह. मावली।

2. श्रीमती शिवराज कुमारी पत्नी लक्ष्मणसिंह राठौड निवासी ओडवाडिया तह. मावली।
3. श्रीमती कला पुत्री जेता पत्नी कन्ना डांगी निवासी भैसडाकला तह. गिर्वा।
4. श्रीमती नारी पुत्री जेता पत्नी शम्भुलाल डांगी निवासी झंझेला तह. मावली।
5. श्रीमती उदी पुत्री जेता पत्नी केशुलाल डांगी निवासी रख्यावल तह. मावली।
6. श्रीमती राधी पुत्री कालु पत्नी भूरा डांगी निवासी लोरेला का गुडा तह. नाथद्वारा।
7. रखा पुत्री कालु पत्नी जगन्नाथ डांगी निवासी नान्दवेल तह. मावली।

...............प्रतिवादीगण

उपस्थित—1. श्री भंवरलाल ओस्तवाल, अधिवक्ता वादीगण।

2. श्री कमलेश जैन, अधिवक्ता प्रतिवादी सं. 1/1 से 1/2, 2

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

निर्णय

दिनांक : 05.11.2024

1. वादीगण द्वारा वादपत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रतिवादी भूरा के पिताजी रूपा जी हम वादीगण के काका बाबा के भाई थे। रूपा जी के स्वर्गवास के बाद उनकी पत्नी प्रतिवादी भूरा को लेकर गन्दोली नाते चली गई थी उस समय भुरा की उम्र करीबन 3–4 वर्ष की थी भूरा वहीं गन्दोली में ही बड़ा हुआ और वहाँ पर अपने नातायत पिता के साथ रहने लग गया।

2. यह कि प्रतिवादी भूरा के बड़े होने के बाद उसको मालूम हुआ कि ग्राम मांगथला में उसके पिताजी की जमीन थी और वो जमीन विरासत से भूरा के नाम आ गयी इसलिये भूरा ने मौजा मांगथला की आराजी नं. 61, 1212, 1213, 1214, 1253, 1256, 1267, 1303, 1331, 1332, 1429, 1462, 1478, 1611, 2094, 2104, 2105, 2106, 2107, 2291, 3092, 3093, 3094, 3164, 3202, 3203, 3204 किता 27 रकबा 15 बीघा में मेरा का 1/4 हिस्सा मय चाह नं. 1305, 1306, 3109 का हिस्सा सहित। इसी प्रकार मौजा मांगथला की आराजी नं. 39, 40, 41, 42 किता 4 रकबा पौने छत्तीस बीघा दो बिस्वा उसमें भूरा का 1/8 हिस्सा। इसी तरह मोजा मॉंगथला की आराजी नं. 1199, 1625, 1868, 1882, 2093, 2108, 2009 किता 7 रकबा पौने तेरह बीघा चार बिस्वा में भी भूरा का 1/8 हिस्सा। इसी तरह मोजा मांगथला की आराजी नं. 2466, 3711, 3712, 3713, 3715, 3716, 3717 कुल किता 7 रकबा साढे सत्ताईस बीघा एक बिस्वा में भूरा का 1/16वां हिस्सा इसी प्रकार मौजा मांगथला की आराजी नं. 3134, 3135 कुल किता दो रकबा साढे तीन बीघा मे भूरा का 1/16 वां हिस्सा। इसी तरह मौजा मांगथला की आराजी नं. 1767, 1768, 1812, 1813, 1814, 3115, 3116, 3117, 3118, 3120, 3121, 3205, कुल किता 12 बारह रकबा साढे अठारह बीघा में भूरा का 1/16 वां हिस्सा मय चाह नम्बर 3135 हिस्सा सहित। इसी तरह मौजा मांगथला की आराजी नं. 2126, 3127, 3128, 3131 कुल किता 4 रकबा सवा उन्नीस बीघा तीन बिस्वा में भूरा का 1/48 वां हिस्सा। इसी तरह मौजा मॉंगथला की आराजी नं. 3136 में भूरा का 7/288 वां हिस्सा मय चाह का हिस्सा सहित। इसी तरह मौजा मांगथला की आराजी नं. 3119, 3122, 3124 कुल किता 3 रकबा [illegible] छः बीघा तीन बिस्वा में भूरा का

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Puhadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

7/360 वां हिस्सा मय चाह सहित। इसी तरह उपरोक्त सभी आराजीयात में भूरा का जो–जो हिस्सा था वो हिस्सा भूरा ने दिनांक 21.10.1980 को 10,000/– दस हजार रूपया में मुझ वादी मोती व हम वादीगण नं. 2 से 4 के पिता व 5 के पति तथा प्रतिवादी सं. 3, 4, 5 के पिता जेता जी ने तथावादी 6, 7, 8 के पिता व प्रफोर्मा प्रतिवादी सं. 6, 7 के पिता कालु जी ने यानि मोती, जेता, कालु तीनों ने मिलकर क्रय की तथा भूरा ने तीनों के पक्ष में विक्रय पत्र लिख कर उस विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवा दी तथा कब्जा मोती, जेता व कालु के सिपुर्द कर दिया। तब से इन आराजीयात में भूरा जी का जितना जितना हिस्सा था उन हिस्सो पर मोती, जेता, कालु का कब्जा हो गया। इस तरह भूरा जी के हिस्से अनुसार तमाम आराजीयात में कब्जा आज से करीबन 30 वर्ष से हमारा चला आ रहा है। खरीददार में से मैं मोती जो वादी नं. 1 है मौजूद है तथा जेता जी व कालु जी का स्वर्गवास हो गया है। जेता जी के तीन लडकीया व तीन लडके व उनकी पत्नी मौजूद है, तीनों लडके व उनकी पत्नी वादी सं. 2 से 4 व 5 है तथा लडकीया वादी नहीं बनने से उन्हें आवश्यक पक्षकार होने से परफोरमा प्रतिवादी सं. 3, 4, 5 बनाया गया है। इसी तरह कालु जी का स्वर्गवास हो गया है जिनके तीन लड़के व दो लडकीया मौजूद है जिसमें उनके लडको को वादी सं. 6, 7, 8 व लडकीया वादी नही बनने से परफोरमा पक्षकार प्रतिवादी 6, 7 बनाया गया है।

3. यह कि जिस समय भुरा ने मांगथला की आराजीयात में उसका जितना–जितना हिस्सा था वह हिस्सा हमको बेचा उस समय भी वह मांगथला में नहीं रहकर के गन्दोली में निवास करता था उस समय उसकी उम्र 51 वर्ष की थी तथा विक्रय पत्र में भी उसने हाल मुकाम गन्दोली लिखाया। इस तरह ग्राम मांगथला की आराजीयात में भुरा का जो–जो भी हिस्सा था वो सारा हिस्सा उसने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से हमारे बिकाव कर दिया और कब्जा सिपुर्द कर दिया। ऐसी अवस्था में इस बिकाव पत्र के बाद मांगथला की आराजीयात में भूरा का किसी प्रकार का कोई स्वत्व अधिकार व अधिपत्य नहीं रहा तथा भूरा का कुलिया हिस्सा हम खरीददार मोती, जेता व कालु में विस्ट (मिलाया) हो गया और हम मालिक बन गये। ऐसी अवस्था में भूरा को मांगथला वाली जमीन में अब अपने हिस्से को किसी दुसरे को बिकाव करने का कोई अधिकार नहीं था। उसका जो भी अधिकार था वह सन् 1980 में ही समाप्त हो चुका था, 80

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

के बाद उसका मांगथला वाली आराजीयात में किसी प्रकार कोई टाईटल नही रहा।

4. यह कि जमीन खरीदने के बाद इस जमीन को हमारे नाम पर इन्तकाल खुलाने हेतु विक्रय पत्र हमने तत्कालीन पटवारी को दिया और तीन महीने तक वह खत उनके पास रहा और तीन माह बाद वह खत हमें लाकर दिया और कहा कि यह जमीन तुम्हारे नाम पर हो गई है। हमने पटवारी पर विश्वास कर लिया तथा अनपढ किसान होने से हमने यह सोचा कि हमारा काम हो गया है।

5. यह कि इसी साल जनवरी माह में भूमाफिया लोग हमारे गाँव में घुमने लगे और उन्होंने कहा कि अभी भी जमीन भुरा के खाते ही है। इसलिये गन्दोली के भुरा को लाकर के रजिस्ट्री करवा सकते है। ऐसा सुनकर हमने वर्तमान पटवारी मांगथला को हमारा असल खत उसको ले जाकर के दिया और कहा कि भुरा के खाते की उसके हिस्से की कुलिया जमीन हमने सन 1980 से ही खरीद रखी है तथा कब्जा भी हमारा है। भूरा गन्दोली रहता है। उसका यहां कोई कब्जा नहीं है इसलिए जमीन हमारे खाते कर दो। पटवारी हल्का ने हमको विश्वास दिलाता रहा कि मैं जमीन तुम्हारे खाते कर दूंगा।

6. यह कि अभी करीब 15 दिन पहले उक्त वर्तमान पटवारी ने हमारे द्वारा दिये हुये खत को वापस हमें लौटा दिया।

7. यह कि दिनांक 24.5.09 को व 25.5.09 को उदयपुर से करीब 5–15 लोग हमारे गाँव में आये और कहा कि भूरा की जमीन हमने खरीद ली है और कब्जा सिपूर्द करो। हमने कहा कि यहाँ भूरा की अब कोई जमीन नहीं है। भूरा ने अपने हिस्से की कुलिया जमीन रजिस्टर्ड विक्रयपत्र से सन् 1980 में ही हमें बेच दी है।

8. यह कि उन लोगों के कहने से हमको इस बात की जानकारी हुई कि भुरा ने इस बेची हुई जमीन को पुनः बेच दी है जबकि उसको पुनः बेचने का कोई अधिकार नहीं था। दिनांक 28.5.09 को तहसील में आकर के हमने विक्रय पत्र की नकल की दरख्वास्त लगायी जो हमको आज प्राप्त हुई। उससे मालूम हुआ कि भुरा ने श्रीमती शिवराज कुमार पत्नी लक्ष्मण सिंह जी राठौड निवासी ओडवाडिया को पुनः बिना कोई प्रतिफल लिये बेच दी है जो हमारे मुकाबले यह विक्रय पत्र नल एण्ड बोईड है इस [illegible] का हमारे पर कोई कानूनी असर नहीं है। क्योंकि जिस [illegible] को भूरा [illegible] ही रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से बेच

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Rundia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

चुका है और उसका कोई स्वत्व ही नहीं रहा है। ऐसी दशा में दिनांक 6.4.09 को जो विक्रय पत्र भूरा ने शिवराज कुमारी के पक्ष में लिखाया है उसकी कानूनन कोई वेल्यु नहीं है तथा वोईड है। शिवराज कुमारी भी यह जानती थी कि भुरा गन्दोली में रहता है तथा मांगथला में जमीन पर कोई कब्जा नही है। केवल खाते में उसका नाम रह जाने से भूमाफियों की इमदाद से भूरा को बहला फुसला कर यह खत लिखाया है जो हमारे मुकाबले बेअसर है।

9. यह कि वर्तमान पटवारी तथा वर्तमान सरपंच मांगथला यह जानते थे कि भुरा के हिस्से की जमीन पहले ही विक्रय हो चुकी है क्योंकि हमने हमारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र तीन महीने पहले ही पटवारी को दे दिया था जिससे पटवारी हल्का को यह जानकारी थी कि भूरा का जो–जो हिस्सा था वो हिस्सा सन् 1980 से ही बिक चुका है तथा सन् 80 से ही कब्जा खरीददार का है। इसी तरह लोकल सरपंच भी व उसका पति भी जानते थे कि भूरा उसके पिता रूपा के मरने के बाद भी रूपा की औरत के साथ ही गन्दोली चला गया। इस तरह जमीन पर भूरा का कोई कब्जा नहीं था। फिर भी वर्तमान पटवारी व वर्तमान सरपंच ने भूमाफियाओं से मिलकर षडयन्त्रपूर्वक बिना कब्जे की जांच करके आनन फानन में इस वोईड खत के आधार पर नामान्तरण शिवराज कुमारी के पक्ष में खोल कर पास कर दिया। वर्तमान पटवारी ने हमको इस बात की सूचना भी नहीं दी। इसी तरह पंचायत ने भी हमें कोई सूचना नही दी। बिना कोरम के हूवे भी नामान्तरकरण पास कर दिया जो हमारे मुकाबले बेअसर व शुन्य है। तथा हम वादीगण मौजा मांगथला की भूरा के जितना–जितना हिस्सा था जो शिवराज कुमारी के नाम पर किया उस इन्द्राज को हटवाने के अधिकारी है तथा भूरा का कुलिया हिस्सा हम वादीगण व परफोरमा प्रतिवादीगण 3 से 7 तक हम खातेदारी अधिकार से घोषित कराने के अधिकारी है।

10. यह कि उक्त आराजीयात पर हमारा कब्जा निरतंर करीब 30 साल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से चला आ रहा है जिसे सारा गाँव मांगथला जानता है। भूरा नाबालिग अवस्था में ही मांगथला को छोडकर गन्दोली अपनी माँ के साथ चला गया। ऐसी अवस्था में भूरा का मांगथला वाली जमीन में कोई कब्जा नहीं रहा। अब चूंकि प्रतिवादी नं. 2 शिवराज कुमारी ने एक गलत दस्तावेज भूरा से लिखवा लिया है इसलिये उक्त दस[illegible]ी आड लेकर के प्रतिवादी नं. 2 भूमाफियों को साथ लेक[illegible] किसी सम[illegible]मारे शांतिपूर्वक कब्जे में दखल कर

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Rundadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

सकते है तथा वे जबरन आधिपत्य करने की कोशिश करेगें। जैसा कि उन्होंने 24.5.09, 25.5.09 को आकर के हमें धमकी दी है। इसलिये हम वादीगण प्रतिवादी नं. 1, 2 के विरूद्व स्थाई निषेधाज्ञा भी जारी कराने के अधिकारी है कि वे अब जमीन को किसी प्रकार से अन्य को हस्तान्तरण नही करे तथा मौके की यथास्थिति बनाये रखें तथा हमारे शांतिपूर्वक कब्जे में किसी प्रकार की बाधा नहीं पहुंचायें, तथा मौके पर आकर के हमें बेदखल नहीं करें।

11. यह कि हम वादीगण का मजबूत प्राइमाफैसी केस है क्योंकि हमारे पास भूरा द्वारा लिखा हुआ सन् 1980 का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मौजूद है इसके मुकाबले प्रतिवादी सं. 2 के पक्ष में जो विक्रय पत्र है वो हमारे विक्रय पत्र के बाद का है। जो स्वतः ही वोईड दस्तावेज है। इस आधार पर उसको कोई टाईटल प्राप्त नहीं होता है। इस तरह अशोधनीय हानि व सुविधा संतुलन भी हमारे पक्ष में है। ऐसी अवस्था में स्थाई निषेधाज्ञा जारी होने से प्रतिवादीगण को कोई नुकसान नहीं है। जबकि जारी नहीं होने से हम वादीगण को भारी नुकसान है। मौके पर अशांति पैदा होगी व अनावश्यक मुकदमें बाजी बढेगी।

12. यह कि प्रतिवादी संख्या 3 से 7 जेता व कालु की लडकीयां होने से इस मुकदमें में परफोरमा प्रतिवादी बनाया है। जिनका बनाया जाना आवश्यक है।

13. यह कि बिनाय मुखास्मत वाद दिनांक 24.5.09, 25.5.09 को उत्पन्न हुई जब प्रतिवादी सं. 2 मोके पर आकर कब्जा लेने की धमकी दी व जमीन को खरीदना बताया जब से उत्पन्न होकर निरंतर जारी है।

14. अन्त में निवेदन किया कि हम वादीगण तथा प्रतिवादी से 3 से 7 के पक्ष में एवं प्रतिवादी सं. 1, 2 के विरुद्ध इस आशय की डिक्री जारी फरमाई जावे कि मौजा मांगथला की आराजीयात में जहाँ जहाँ जितना जितना हिस्सा भूरा का है वो हिस्सा प्रतिवादी सं. 2 शिवराजकुमारी के नाम से हटाकर हमारे नाम पर दर्ज कराई जाये और हमारे खातेदारी हक में घोषित कराई जावें। यह कि प्रतिवादी भूरा ने दिनांक 06.4.09 को जो विक्रय पत्र दुबारा शिवराजकुमारी के पक्ष में लिखाया है वह विक्रय पत्र स्वतः वोईड व निष्प्रभावी है ऐसी घोषणा फरमाई जावे। कि स्थाई निषेधाज्ञा इस अमर की जारी फरमाई जावे कि प्रति. सं. 2 शिवराज कुमारी अपनी जमीन को किसी अन्य को किसी प्रकार से ट्रान्सफर नहीं करे व हमारे शांतिपूर्वक उपयोग [illegible] में बांधा नहीं पहुंचावें व मौके पर आकर किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करे व कब्जा करने की चेष्टा नहीं करे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

15. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी सं. 3 से 7 बावजूद सूचना अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्ध पूर्व में एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये जा चुके हैं। प्रतिवादी सं. 1 द्वारा जवाब पेश कर निवेदन किया कि यह कहना गलत है कि रूपा के स्वर्गवास के बाद प्रतिवादी भूरा गंदोली में ही बड़ा हुआ हो। भूरा के नाम पर अपने पिता की मृत्यु के बाद से वाद में वर्णित कृषि भूमियां उसके नाम पर आई परंतु यह कहना गलत है कि प्रतिवादी सं. एक ने दिनांक 21.10.1980 को दस हजार रूपये में वादी मोती व वादीगण सं. 2 लगायत 4 के पिता व वादी सं. 5 के पति जेता तथा वादी सं. 6, 7 व 8 के पिता कालूजी को विक्रय पत्र लिख कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवा दी हो तथा यह कहना भी गलत है कि प्रतिवादी सं. 1 ने वादी मोती व मृतक जेता व कालू को वादग्रस्त भूमि में से अपने हिस्से का आधिपत्य सुपुर्द कर दिया हो जबकि उक्त कृषि भूमियों में भूरा का ही आधिपत्य चला आ रहा है।

16. यह कहना गलत है कि भूरा का इस जमीन पर कोई कब्जा नहीं हो। यह कहना भी गलत है कि खरीददार ने कब्जा वादीगण से मांगा हो सभी गलत तथ्य अंकित किये है जबकि प्रतिवादी सं. 2 को प्रतिवादी सं. 1 भूरा ने कृषि भूमि विक्रय करने का इकरार किया तब प्रतिवादी सं. 2 ने उक्त कृषि भूमि के संबंध में आम सूचना पत्र में आपत्ति के संबंध में प्रकाशित किया तो किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आई तो उसके बाद में प्रतिवादी सं. एक ने प्रतिवादी सं. 2 के पक्ष में विधिवत रूप से विक्रय कर आधिपत्य सुपुर्द किया।

17. यह कहना गलत है कि मुझ प्रतिवादी भूरा ने श्रीमती शिवराज कुमारी पत्नी लक्ष्मीसिंह, जाति राजपूत ओडावाले से बिना कोई प्रतिफल लिये वादग्रस्त कृषि भूमि बेच दी हो जबकि प्रतिवादी भूरा ने शिवराज कुमारी के पक्ष में दिनांक 06.04.09 को लिखा गया विक्रय पत्र कानूनन शून्य नहीं है तथा यदि दस्तावेज शून्य नहीं है तो वादीगण इस न्यायालय से दाद प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है तथा वादीगण को दस्तावेज के शून्यकरण घोषित करवाने के लिए सक्षम सिविल न्यायालय में दाद प्राप्त करने हेतु वाद प्रस्तुत कर सकते है इस न्यायालय को वाद शून्यकरण का क्षेत्राधिकार नहीं है तथा यह कहना भी गलत है भूरा ने भूमाफियों की इमदाद से वि[illegible] प्रतिवादी सं. दो के पक्ष में लिखा हो। यह कहना गलत है कि पटवारी [illegible] सरपंच ने भूमाफियों से मिलकर

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Runandia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

बिना कब्जे की जांच किये आनन फानन में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमति शिवराजकुमारी के पक्ष में नामान्तरण खोल कर पास कर दिया जबकि ग्रामपंचायत ने पूरी तरह से जांच कर कब्जा श्रीमती शिवराजकुमारी के पक्ष में होने पर ही नामान्तरण उसके पक्ष में तस्दीक किया तथा वादीगण किसी प्रकार से खातेदारी अधिकार घोषित करवाने के अधिकारी नहीं है।

18. वादग्रस्त आराजियात भूरा के हिस्से पर प्रार्थीगण का 30 वर्षों से आधिपत्य चला आ रहा हो तथा यह कहना भी गलत है कि उक्त वादग्रस्त आराजियात पर वादीगण का आधिपत्य नहीं होने के कारण किसी प्रकार की स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने के भी अधिकारी नहीं है।

19. कि प्रतिवादी सं. एक द्वारा प्रतिवादी सं. दो के पक्ष में लिखा गया विक्रय पत्र वोईड दस्तावेज हो तथा यदि दस्तावेज शून्यकरण होने पर वादीगण को जब तक दस्तावेज को शून्यकरण घोषित नहीं करवा पाते है तब तक किसी प्रकार के कोई अधिकार प्राप्त नही होते है। जब वादीगण ने प्रतिवादी सं. 3 से 7 को प्रफोर्मा प्रतिवादी बनाया परंतु भूमिधारी तहसीलदार साहब, तहसील मावली को पक्षकार नहीं बनाया, इसलिए उक्त वाद चलने योग्य नहीं है।

20. यह कि दिनांक 24.05.09, 25.05.09 को कोई वाद कारण वादीगण को उत्पन्न नहीं हुआ तथा न उसके बाद में उत्पन्न हुआ।

21. यह कि उक्त वाद आप न्यायालय के क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार का नहीं है क्योंकि यदि कोई दस्तावेज शून्य होता है तो वादीगण को किसी प्रकार का अधिकार प्राप्त होते है जबकि प्रतिवादी सं. एक के द्वारा प्रतिवादी सं. दो के पक्ष में लिखा गया दस्तावेज दिनांक 06.04.09 को किसी विधि के उल्लंघन के कारण शून्य नहीं है जबकि शून्य दस्तावेज वह दस्तावेज होता है जो किसी विधि के उल्लंघन के कारण को दर्शाता हो तथा प्रतिवादी सं. एक के द्वारा प्रतिवादी सं. दो के पक्ष में लिखे गये विक्रय पत्र धारा 42 के विपरीत गैर कानूनी एवं प्रभाव शून्य नहीं है इसलिए वादीगण जब तक दिनांक 06.04.09 को निष्पादित प्रतिवादी सं. दो के पक्ष में विक्रय पत्र को सक्षम सिविल न्यायालय से शून्य घोषित नहीं करवावे तब तक आप न्यायालय से उक्त वादीगण किसी प्रकार की दाद प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है तथा विक्रय पत्र निरस्तीकरण एवं विक्रय पत्र की निरस्तीकरण की [illegible] के लिए राजस्व न्यायालय सक्षम नहीं होकर सिविल न्यायालय सक्षम है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

22. वादीगण एवं प्रतिवादी सं. 3 से 7 प्रतिवादी सं. 1 व प्रतिवादी सं. 2 के पक्ष में कोई डिक्री प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है तथा प्रतिवादी सं. 2 शिवराज कुमारी के नाम पर जो कृषि भूमियां है उनको वादीगण इस वाद के माध्यम से अपने नाम पर खातेदारी हक में घोषित करवाने के अधिकारी नहीं है। दिनांक 06.04.09 को लिखा विक्रय पत्र को इस न्यायालय को निष्प्रभावी करने का कोई अधिकार नहीं है तथा न ही इस संबंध में किसी प्रकार की निष्प्रभावी की घोषणा इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार में है। उक्त वादग्रस्त कृषि भूमियों पर वादीगण का किसी प्रकार से कोई आधिपत्य नहीं है इसलिए किसी प्रकार की स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है। वादीगण किसी प्रकार से कोई दाद प्राप्त करने के अधिकारी नहीं है।

23. अन्त में निवेदन किया कि वादी का वाद कोई ठोस आधार नहीं होने से प्रतिवादी सं. एक के विरूद्ध वाद सव्यय निरस्त फरमाया जावें।

24. प्रतिवादी सं. 2 द्वारा जवाब दावा मय काउन्टर क्लेम प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा मांगथला में स्थित आराजी नम्बर 61, 1212, 1213, 1214, 1253, 1254, 1267, 1303, 1331, 1332, 1429, 1462, 1478, 1611, 2094, 2104, 2105, 2106, 2107, 2291, 3092, 3093, 3094, 3164, 3202, 3203, 3204 किता 27 रकबा 15 बीघा है भूरा का 1/4 हिस्सा मय चाह नम्बर 1305, 1306, 3109 का हिस्सा लिखा है जो सही है इसी तरह मौजा मांगथला के आराजी नम्बर 39, 40, 41, 42 होना स्वीकार है एवं इसी कलम में जो आराजीयात अंकित की है उन आराजीयात में भूरा का हिस्सा अंकन किया है वह सही है परन्तु भूरा द्वारा दिनांक 21.10.1980 को 10,000/— रूपया में वादी मोती एवं अन्य वादीगण एवं प्रतिवादी सं. 3 से 5 के पिता जेता जी एवं प्रतिवादी सं. 6 से 8 के पिता कालु जी को भूरा द्वारा रजिस्ट्री करा जमीन बेचने का अंकन किया है वह गलत है न भूरा द्वारा कोई जमीन ही सुपुर्द की गई, जमीन पर कब्जा भूरा जी का अपने हिस्से अनुसार चल रहा है। वादीगण ने जानबुझकर सजरा पेश नहीं किया है इसलिए सजरा के अभाव के सपाट जवाब देना असम्भव हैं।

25. वादग्रस्त आराजीयात पर भूरा का कब्जा चला आ रहा है भूरा का स्थाई निवास गन्दोली में है परन्तु मांगथला में भी उसकी जमीन जायदाद व मकान है उसमें निवास करता है साथ ही अपनी खे[illegible]खभाल करता आ रहा था कब्जा सुपुर्द नहीं किया। जब भूरा के जमीन [illegible] ही नहीं तो कब्जा होने का और

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Puradia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

कब्जे के आधार पर खातेदार होने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता है। भूरा ने अपने खाते की भूमि श्रीमती शिवराज कुमारी को दिनांक 06.04.2009 को 9,21,000/— रूपये में विक्रय कर उस पर दस्तावेज प्रतिवादी सं. 2 के पक्ष में निष्पादित करा दिया और रजिस्ट्री होने के बाद उक्त भूमि प्रतिवादी सं. 2 के नाम पर आ गई है वर्तमान में शिवराजकुमारी खातेदार काश्तकार है और उसी का विवादित भूमि पर कब्जा है। सरपंच एवं पटवारी ने विक्रय के आधार पर जमीन का नामान्तरकरण पास किया है वह सही है प्रतिवादी सं. 2 के बारे में न्याय के सिद्धान्तो के अन्तर्गत नामान्तकरण खोला है जो सही किया हैं।

26. यह कि वादीगण का कोई प्राइमाफेसी केस नहीं है प्रतिवादी भूरा ने कोई जमीन वादीगण को विक्रय नहीं है प्रतिवादी सं. 2 का जो विक्रय पत्र है वह वोईड नहीं होकर जायज है वादीगण के पक्ष में किसी भी प्रकार का प्राइमाफेसी केस नहीं है न ही सुविधा संतुलन भी वादी के पक्ष में है वादीगण का कोई कब्जा ही नहीं है तो अशोधनीय हानि का प्रश्न ही पैदा नहीं होता हैं। बिनाय वाद दिनांक 24.05.2009 व 25.05.2009 को उत्पन्न नहीं हुआ हैं। शिवराज कुमारी के पक्ष में जो विक्रय पत्र भेरा ने लिखा है उसको शून्य घोषित करने का अधिकार सिविल न्यायालय को है। इस न्यायालय को नहीं हैं।

27. काउन्टर क्लेम पेश कर निवेदन किया कि प्रतिवादी सं. 2 ने जो भूमि खरीदी उससे पहले दिनांक 26.03.2009 को दैनिक अखबार राजस्थान पत्रिका में एक आम सूचना प्रकाशित करवाई कि मांगथला में भूरा के खातेदारी की जमीन भूरा विक्रय कर रहा है उसको खरीदने के सम्बन्ध में अगर किसी का भी उजर ऐतराज हो वह 7 दिन में प्रस्तुत करे अन्यथा 7 दिन में उजर एतराज नहीं होने पर जमीन विक्रय की जा रही है विक्रय होने के बाद कोई उजर एतराज मान्य नहीं होगा इन 7 दिनों की अवधि में जब कोई उजर एतराज नहीं हुआ तो उसके बाद कोई मान्य नहीं होगा। इस दौरान कोई उजर ऐतराज प्रस्तुत नहीं किया इस पर प्रतिवादी सं. 2 ने राजस्व रेकार्ड देखकर व सही पा कर एक सद्भावी क्रेता के रूप में जमीन क्रय की इसलिए प्रतिवादी सं. 2 सद्भावी क्रेता हैं। प्रतिवादी सं. 2 के विक्रय पत्र को शुन्य घोषित करने का अधिकार सिविल न्यायालय को है न की राजस्व न्यायालय को हैं। वादीगण के विरूद्ध एवं प्रतिवादी सं. 3 से 7 तक के विरूद्ध [illegible] निषेधाज्ञा जारी फरमाई जावे कि वे प्रतिवादी सं. 2 के खाते [illegible] कब्जे काश्त [illegible] भूमि में किसी प्रकार का हस्तक्षेप

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

नहीं करे व शांतिपूर्वक काश्त करने देवे क्योंकि प्रतिवादी सं. 2 खातेदार काश्तकार है व यह रिलीफ पाने के अधिकारी हैं।

28. यह कि काउन्टर क्लेम का वाद कारण दिनांक 05.06.2009 को उत्पन्न होकर निरन्तर जारी हैं।

29. यह कि वादीगण ने अन्य खातेदारों को पक्षकार नहीं बनाया है घोषणा के वाद में आवश्यक पक्षकार है बिना पक्षकार बनाये दावा चल नहीं सकता है इस लिये वाद खारिज फरमाया जावें।

30. वादीगण द्वारा प्रतिवादी सं. 2 के काउन्टर क्लेम का जवाब पेश कर निवेदन किया कि हमारे गांव मांगथला में राजस्थान पत्रिका का अखबार नहीं आता है तथा हम वादीगण केवल हस्ताक्षर करना जानते है, हमे अखबार पढना नहीं आता है इसलिए अखबार के प्रकाशन का हम वादीगण पर कोई असर नहीं है और उसमें हमारे अधिकारों पर कोई असर नहीं पडता है, प्रतिवादी सं. 2 सद्भावी क्रेता नहीं है। विक्रय पत्र शून्य ही है इसलिए सिविल न्यायालय में जाने का कोई सवाल पैदा नहीं होता हैं। प्रतिवादी सं. 2 का मौके पर कोई कब्जा नहीं है, कब्जा हम वादीगण का ही है, हम वादीगण ने विक्रय पत्र के आधार पर ग्राम पंचायत मांगथला में दिनांक 01.10.82 को नामान्तरकरण भी पास हो चुका था केवल रेवेन्यु रिकार्ड में दाखला नहीं लगने से हमे यह वाद करना पडा है इस तरह हम वादीगण का वाद सही हैं। इस मामला में सभी पक्षकार आवश्यक पक्षकार नहीं है क्योंकि यह दावा केवल घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा का है बंटवारा का नहीं है इसलिए हमने जिस पक्षकार के खिलाफ दाद चाही है उसी को पक्षकार बनाया है जो सही हैं। अतः प्रार्थना है कि प्रतिवादीगण का काउन्टर क्लेम खारिज फरमावें।

31. प्रकरण में न्यायन निर्णयन हेतु निम्न तनकीयात कायम की गई :–

    1. आया मौजा मांगथला की वादग्रस्त आराजीयात जिसमें प्रतिवादी भूरा का जितना हिस्सा था वह 51 वर्ष पूर्व वादी सं. 1, वादी सं. 2 से 5 के पिता/पति, वादी सं. 6 से 8 के पिता को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के बेचान कर कब्जा सुपुर्द कर दिया था तभी से कब्जा वादीगणों का उनके पिता/पति के समय से चला आ रहा हैं।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

.....वादीगण

2. आया वादग्रस्त आराजीयात में प्रतिवादी भूरा का सन् 1980 के बाद से कोई हक अधिकार नहीं रहा हैं।

.....वादीगण

3. आया प्रतिवादी भूरा ने श्रीमती शिवराजकुमारी पत्नी लक्ष्मणसिंह राठौड निवासी ओडवाडिया को बिना कोई प्रतिफल लिये जमीन दिनांक 06.04.09 को बेच दी जो कि नल एण्ड वोईड है।

.....वादीगण

4. आया वादग्रस्त आराजीयात भूरा ने बेचान नहीं की उस पर उसी का कब्जा एवम् आधिपत्य चला आ रहा था। इसी कारण श्रीमती शिवराजकुमारी को जमीन का बेचान किया गया था।

.....प्रतिवादी सं. 1

5. आया भूरा प्रतिवादी सं. 1 द्वारा वादग्रस्त आराजीयात विक्रय करने का ईश्तिहार राजस्थान पत्रिका दिनांक 26.03.2009 को निकलवाया। वादीगण द्वारा 7 दिवस में कोई उजर, ऐतराज पेश नहीं करने पर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रतिवादी सं. 2 द्वारा क्रय की गई है। इसलिए वादीगण प्रतिवादी सं. 2 के विरूद्व कोई रिलीफ प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं।

.....प्रतिवादी सं. 2

6. अनुतोष।

32. प्रकरण में साक्ष्य वादीगण प्रारम्भ की गई। साक्ष्य वादी शपथ पत्र पी.डब्ल्यू–1 श्री मोती पिता वक्ता, पी.डब्ल्यू–2 श्री धुला पिता माना, पी.डब्ल्यू–3 श्री देवा पिता भेरा के शपथ पत्र पेश किये।

33. प्रकरण में गवाह पीडब्ल्यू 1 द्वारा दस्तावेज मौजा मांगथला की जमाबन्दी नकल सम्वत् 2063–66 की खाता सं. 483 प्रदर्श 1, खाता सं. 482 प्रदर्श 2, खाता सं. 479 प्रदर्श 3, खाता सं. 478 प्रदर्श 4, खाता सं. 477 प्रदर्श 5, खाता सं. 476 प्रदर्श 6, खाता सं. 398 प्रदर्श 7, खाता सं. 396 प्रदर्श 8, विक्रय पत्र दिनांक 21.10.80 की फोटोप्रति प्रदर्श 9, मौजा मांगथला की नामान्तरकरण नकल प्रदर्श 10, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.04.2009 प्रदर्श 11 करवाये गये।

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

34. प्रकरण में साक्ष्य प्रतिवादीगण प्रारम्भ की गई। साक्ष्य प्रतिवादी शपथ पत्र डी. डब्ल्यू 1 श्री भेरा पिता भूरा, डी.डब्ल्यू 2 श्री हमेरा पिता पदमा, डी.डब्ल्यू 3 श्री देवा पिता गांगा के शपथ पत्र पेश किये।

35. प्रकरण मे प्रतिवादीगण द्वारा दस्तावेज साक्ष्य वादी शपथ पत्र पीडब्ल्यू 2 श्री धुला पिता माना प्रदर्श ए1, पीडब्ल्यू 3 श्री देवा पिता भेरा प्रदर्श ए2 प्रदर्श करवाये गये।

36. प्रकरण में विद्वान अधिवक्ता उभय पक्षकारान की बहस सुनी। विद्वान अधिवक्ता वादीगण द्वारा लिखित बहस प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि हम वादीगण एवं प्रतिवादीगण आपस में भाई बन्ध है एवम् प्रतिवादी भुरा पिता श्री रूपा जी हम वादीगण के काका बाबा के भाई थे रूपाजी के स्वर्गवास के बाद उनकी पत्नी प्रतिवादी भुरा को लेकर गाँव गन्दोली नाते चली आई उस समय भुरा की उम्र 3–4 वर्ष थी भुरा वही गन्दोली मे बडा हुआ था और वहाँ पर अपने नातायत पिता के साथ रहने लग गया ।

37. प्रतिवादी भूरा के बड़े होने पर उसको मालुम हुआ कि ग्राम मांगथला में उसके पिताजी की जमीन है और वह जमीन विरासत से भुरा के नाम पर आ गई इसलिये भुरा ने मौजा मांगथला के हाल आराजी नम्बर 61, 1212, 1213, 1214, 1253, 1256, 1267, 1303, 1331, 1332, 1429, 1462, 1478, 1611, 2094, 23104, 2105, 2106, 2107, 2201, 3092, 3093, 3094, 3164, 3202, 3203, 3204 कुल किता 27 रकबा 15 बीघा में भूरा का 1/4 हिस्सा के साथ चाह नम्बर 1305, 1306, 3109, का हिस्सा सहित इसी प्रकार मौजा मांगथला के आराजी नम्बर 39, 40, 41, 42 कुल किता 4 रकबा 35 बीघा 15 बिस्वा उसमे भुरा का 1/8 हिस्सा इसी तरह मौजा मांगथला की आराजी नम्बर 1199, 1625, 1868, 1882, 2093, 2108, 2009 कुल किता 7 रकबा पौने तेरह बीघा चार बिस्वा में भी भुरा का 1/8 हिस्सा इसी तरह मोजा मांगथला की आराजी नम्बर 2466, 3711, 3712, 3713, 3715, 3716, 3717 कुल किता 7 रकबा साढे सताईस बीघा एक बिस्वा ने भूरा का 1/16 वां हिस्सा एवम् आराजी नम्बर 3134, 3135 कुल किता 2 रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा में 1/16 वॉ हिस्सा, इसी तरह मौजा मांगथला की आराजी नम्बर 1767, 1768, 1812, 1813, 1814, 3115, 3116, 3117, 318, 3120, 31[illegible] 3[illegible]5 कुल किता 12 रकबा 18 बिघा 10 बिस्वा में भुरा प्रति[illegible]ख्या 1 क[illegible]/16 हिस्सा मय चाह नम्बर 3135

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Puhadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

हिस्सा सहित इसी तरह मौजा मांगथला के हाल आराजी नम्बर 3126, 3127, 3128, 3131 कुल किता 4 रकबा 19 बीघा 5 बिस्वा में भुरा का 1/48 वॉ हिस्सा, इसी तरह आराजी नम्बर 3136 में भुरा का 7/288 वां हिस्सा मय चाह का हिस्सा सहित इसी तरह मोजा मांगथला के आराजी नम्बर 3119, 3122, 3124 कुल किता 3 रकबा 5 बीघा 15 बिस्वा में प्रतिवादी संख्या 1 भूरा का 7/360 वॉ हिस्सा मय चाह सहित इसी तरह सभी आराजीयात में भुरा प्रतिवादी संख्या 1 का जो जो हिस्सा था वो हिस्सा भुरा ने दिनांक 21/10/1980 को 10,000/— अक्षरे दस हजार रूपये में मुझ वादी एवं वादीगण संख्या 2 से 4 के पिता व वादी संख्या 5 के पति तथा प्रफोर्मा प्रतिवादी 3, 4, 5 के पिता जेता ने तथा वादी संख्या 6, 7, 8 के पिता व प्रफोर्मा प्रतिवादी संख्या 6, 7 के पिता कालुजी ने यानि मोती जेता, कालू, तीनो ने मिलकर क्रय की तथा भूरा ने तीनो के पक्ष में विक्रय पत्र लिखकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवा दी एवं कब्जा मोती, जेता, कालु को सिपुर्द कर दिया तब से इन आराजीयात् मे भूराजी का जितना जितना हिस्सा था उन हिस्सो पर मोती, जेता, कालु हम वादीगण का एवं उनकी मृत्यु के बाद उक्त आराजीयात् पर उनके वारिसान का कब्जा काश्त चला आ रहा है उक्त आराजीयात पर प्रतिवादी संख्या 1 व 2 का कभी भी कब्जा नहीं रहा है। इसी तरह भूरा प्रतिवादी संख्या 1 के हिस्से अनुसार सम्पूर्ण आराजीयात में कब्जा आज से करीबन 40 वर्ष से हमारा कब्जा चला आ रहा है उक्त खरीददारो मे मोती जो वादी संख्या 1 है जीवित है तथा जेता व कालु का स्वर्गवास हो गया है जेताजी के तीन लडकिया व तीन लडके व उनकी पत्नी मौजूद है जो वादी संख्या 2, 3, 4 व 5 है तथा लडकिया वादी नहीं बनने से आवश्यक पक्षकार होने से परफोरमा प्रतिवादी संख्या 3, 4, 5 बनाया गया है इसी तरह कालू जी का भी स्वर्गवास हो गया है जिनके तीन लड़के व दो लड़किया है जिसमें उनमे लडके वादी संख्या 6, 7, 8 है व लडकिया वादी नहीं बनने से परफोरमा पक्षकार प्रतिवादी संख्या 6, 7 बनाया गया है।

38.कि जिस समय प्रतिवादी संख्या 1 भुरा ने मांगथला की आराजीयात में उसका जितना जितना हिस्सा था वह हिस्सा हमको बेचा उस समय भी वह मांगथला में नहीं रहकर के गन्दोली में निवास करता था उस समय उसकी उम्र 51 वर्ष की थी तथा विक्रय पत्र में भी उसके हाल निवास गन्दोली ही लिखाया था इस

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

तरह मौजा मांगथला की आराजीयात में प्रतिवादी संख्या 1 भूरा का जो जो हिस्सा था वो सारा हिस्सा उसने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के द्वारा हम वादीगण को सिपुर्द (बिकाव) कर दिया और कब्जा सिपुर्द कर दिया ऐसी अवस्था में इस बिकाव पत्र के बाद मांगथला की आराजीयात में प्रतिवादी संख्या भूरा का किसी प्रकार का कोई स्वत्व अधिकार व आधिपत्य नहीं रहा तथा भूरा का कुलिया हिस्सा हम खरीददार वादीगण मोती जेता व कालु में निष्प (मिलाया) हो गया और हम मालिक बन गऐ ऐसी अवस्था में भूरा को मांगथला वाली जमीन में अब अपने हिस्से को किसी दूसरे को बेचान करने का कोई अधिकार नहीं था उसका जो भी अधिकार था वह सन् 1980 में ही समाप्त हो चुका था सन् 1980 के बाद उसका मांगथला वाली आराजीयात में किसी प्रकार कोई टाईटल नहीं रहा ।

39. कि जमीन खरीदने के बाद इस जमीन को हम वादीगण ने हमारा नाम पर इन्तकाल खुलाने हेतु विक्रय पत्र हमने तत्कालीन पटवारी को दिया और तीन महिने तक वह विक्रय पत्र उनके पास रहा और तीन माह बाद वह खत हमे लाकर दिया और कहा कि जमीन तुम्हारे नाम पर हो गई है हम वादीगण ने पटवारी पर विश्वास कर लिया तथा अनपढ किसान होने से हमने यह सोचा की हमारा काम हो गया है।

40. कि जनवरी माह में जब भुमाफिया लोग हमारे गाँव में घुमने लगे और उन्होने कहा कि अभी भी जमीन भूरा के खाते ही है इसलिऐ गन्दोली के भुरा को लाकर रजिस्ट्री करवा सकते है ऐसा सुनकर हम वादीगण ने वर्तमान पटवारी मांगथला को हमारा असल खत उसको ले जाकर दिया और कहा की भूरा के खाते की उससे हिस्से की कुलिया जमीन हमने सन् 1980 से ही खरीद रखी है तथा कब्जा भी हमारा है तथा प्रतिवादी संख्या 1 भूरा गन्दोली रहता है उसका यहां कोई कब्जा नहीं है इसलिए जमीन हमारे खाते कर दो और पटवारी साहब हम वादीगण को विश्वास दिलाते रहे की जमीन तुम्हारे खाते कर दूंगा और पटवारी साहब ने उक्त वर्तमान पटवारी साहब ने हम वादीगण द्वारा दिये गऐ खत को वापस लौटा दिया ।

41. कि दिनांक 24/05/2009 को व 25/5/2009 को उदयपुर से करीब 5 से 15 लोग हमारे गाँव में आऐ और क[illegible]रा की जमीन हमने खरीद ली है और कब्जा सिपुर्द करो हम वादीगण ने [illegible]हा कि अब भूरा की यहां पर कोई

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Punadia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

जमीन नहीं है भूरा ने अपने हिस्से की कुलिया जमीन रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से सन् 1980 में ही हम वादीगण को बेच दी है।

42. कि उन लोगो ने कहने से हम को इस बात की जानकारी हुई कि भूरा ने इस बेची हुई जमीन को पुनः बेच दी है जब कि उसको पुनः बेचने का कोई अधिकार नहीं था दिनांक 28/5/2009 को तहसील में आकर हमने विक्रय पत्र की नकल हेतु दरख्वास्त लगाई और हमने नकल प्राप्त की उससे मालुम हुआ कि भुरा ने श्रीमती शिवराज कुमारी पत्नी लक्षमणसिंह जी राठोड निवासी ओड़वाडिया को पुनः बिना कोई प्रतिफल लिऐ बेच दी है जो हमारे मुकाबले यह विक्रय पत्र नल एण्ड वोईड है इस विक्रय पत्र का हमारे पर कोई कानुनी असर नहीं है क्योकि जिस जमीन को भुरा पहले ही रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से बेच चुका है और उसका कोई स्वत्व ही नहीं रहा है ऐसी दशा में दिनांक 6/4/2009 को जो विक्रय पत्र भुरा ने शिवराज कुमारी के पक्ष में लिखाया है उसकी कानूनन कोई वेल्यु नहीं है तथा वोईड है शिवराज कुमारी भी यह जानती थी कि भुरा गन्दोली गाँव में रहता है तथा मांगथला की जमीन पर उसका कोई कब्जा नहीं है केवल खाते में उसका नाम रह जाने से भूमाफीयो की इमदाद से भूरा को बहला–फुसलाकर यह खत लिखाया है जो हमारे मुकाबले बेअसर है।

43. कि वर्तमान पटवारी व वर्तमान संरपच मांगथला यह जानते थे कि भूरा के हिस्से की जमीन पहले ही विक्रय हो चुकी है क्योकि हम वादीगण ने हमारा विक्रय पत्र तीन महिने पहले ही पटवारी साहब को दिया जिससे पटवारी हल्का को जानकारी थी कि भूरा का जो जो हिस्सा था वह हिस्सा सन् 1980 मे ही बिकाव हो चुका है एवं कब्जा सन् 1980 से ही खरीदार का हो चुका है इस तरह भुरा उसके पिता रूपा के मरने के बाद भी रूपा की औरत के साथ गन्दोली चला गया है और जमीन पर भी कब्जा नहीं रहा है फिर भी वर्तमान पटवारी व वर्तमान संरपच ने भुमाफीयो से मिलकर षडयंत्र पूर्वक बिना कब्जे की जांच करके आनन फानन में इस वोईड खत के आधार पर नामान्तरकरण शिवराज कुमारी के पक्ष में खोल दिया वर्तमान पटवारी द्वारा हमे इस बात की कोई सूचना नहीं दी, बिना कोरम के हुऐ भी इस नामान्तकरण को पास कर दिया जो हमारे मुकाबले बेअसर व [illegible] हम वादीगण मौजा मांगथला की भुरा से जितना जितना [illegible] जो शिव[illegible] कुमारी के नाम पर कर दिया उस

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi
Phirodia
Date: 2024.12.18 16:45:26 IST
Reason: SelfAttested

इन्द्राज को हटवाने के अधिकारी है तथा भूरा का कुलिया हिस्सा हम वादीगण एवं परफोरमा प्रतिवादीगण संख्या 3 से 7 तक हम खातेदारी अधिकार से घोषित करवाने के अधिकारी है।

44. कि जैसा कि हम वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या प्ररफोरमा 3 से 7 तक ने निवेदन किया उक्त आराजीयात् पर कब्जा निरन्तर 40 वर्ष से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से चला आ रहा है जिससे सारा गाँव मांगथला जानता है भूरा नाबालिग अवस्था में ही मांगथला को छोडकर अपनी माँ के साथ गन्दोली गाँव आ गया था ऐसी अवस्था में भुरा का मांगथला वाली जमीन मे कोई कब्जा नहीं रहा अब चूंकि प्रतिवादी संख्या 2 शिवराज कुमारी ने एक गलत दस्तावेज भूरा से लिखवा लिया है इसलिऐ उक्त दस्तावेज की आड् लेकर के प्रतिवादिया संख्या 2 भूमाफियो को साथ लेकर हमारे शान्तिपूर्वक कब्जे में दखल कर सकते है तथा वह जबरन आधिपत्य करने की कोशिश करेगे उन्होने पहले भी दिनांक 24/05/2009 को व 25/5/2009 को आकर हमे धमकी दी इसलिए हम वादीगण प्रतिवादी संख्या 1 व 2 के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा जारी करवाने के अधिकारी है कि वह मूल वाद के निस्तारण तक वाद वर्णित आराजीयात को विक्रय नहीं करे व मौके की यथास्थिति बनाऐ रखे।

45. कि हम वादीगण का मजबूत प्राइमाफेशी केंस है क्योकि हमारे पास भूरा द्वारा लिखा गया सन् 1980 का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मौजूद है इसके मुकाबले प्रतिवादी संख्या 2 के पक्ष में जो विक्रय पत्र है वो हमारे विक्रय पत्र के बाद का है जो स्वत् ही वोईड दस्तावेज है इस आधार पर भी उसको कोई टाईटल प्राप्त नहीं होता है।

46. कि वाद कारण दिनांक 24/05/2009 को एवं 25/5/2009 को उत्पन्न हुआ जब प्रतिवादी संख्या 2 के मौके पर आकर कब्जे लेने की धमकी दी व जमीन खरीदना बताया व जब से उत्पन्न होकर निरन्तर जारी है।

47. कि मौजा मांगथला की आराजीयात में जहां जहां जितना जितना हिस्सा भूरा का था वो हिस्सा प्रतिवादी संख्या 2 शिवराजकुमारी के नाम हटाकर हमारे नाम दर्ज कराई जावे और हमारे खातेदारी हक में घोषित कराई जावे।

48. कि प्रतिवादी संख्या 1 भूरा ने दिनांक 6/4/2009 को जो विक्रय पत्र दुबारा शिवराज कुमारी के पक्ष में लिखाया वह विक्रय पत्र स्वतः वोईड व निष्प्रभावी है ऐसी घोषणा भी फरमाई जावे तथा साथ ही इस तरह की निषेधाज्ञा अमर की

Signature Not Verified
